भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *86**
**उत्तर देने की तारीख 08.02.2024**

**बंद पड़े एमएसएमई का सर्वेक्षण**

***86 श्रीमती रमा देवीः**
**श्रीमती नवनित रवि राणा:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बंद पड़े सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का कोई सर्वेक्षण किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों द्वारा विशेषकर महाराष्ट्र, झारखंड, पश्चिम बंगाल और हरियाणा के सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सृजित रोजगार का राज्य-वार/जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान बंद पड़े सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सुदृढ़ बनाने, वित्तीय सहायता प्रदान करने, उनका पुनरुद्धार और पुनर्निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार ने विशेष रूप से वित्तीय संस्थाओं के साथ लेन-देन करते समय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के समक्ष आ रही कठिनाइयों के संबंध में उनके साथ कोई चर्चा/बातचीत शुरू की है; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**
**(श्री नारायण राणे)**

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**“बंद पड़े एमएसएमई का सर्वेक्षण” के संबंध में दिनांक 08.02.2024 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *86 के उत्तर में उल्लखित टिप्पणी**

(क) बंद पड़े एमएसएमई के लिए अभी तक कोई सर्वेक्षण नहीं किया है।

(ख) दिनांक 05.02.2024 तक तक की स्थिति के अनुसार, उद्यम और उद्यम सहायता पोर्टल के अंतर्गत सृजित रोजगार पर राज्य वार आंकड़ा और महाराष्ट्र, झारखंड, पश्चिम बंगाल और हरियाणा (सोनीपत) जैसे राज्यों के लिए सृजित रोजगार पर जिला वार आंकड़ा **अनुबंध –क** में दिया गया है।

(ग) एमएसएमई को सुदृढ़ करने के लिए भारत सरकार ने एमएसएमई का पुनरोद्धार करने और पुनर्निर्माण के लिए कई कदम उठाए हैं। कुछ उपाय निम्नानुसार हैं:

- एमएसएमई सहित व्यवसायों के लिए 5 लाख करोड़ रु. की आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम। यह स्कीम दिनांक 31.03.2023 तक परिचालित थी।
- 200 करोड़ रु. तक की खरीद के लिए कोई वैश्विक निविदा नहीं।
- एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए नए संशोधित मानदंड।
- दिनांक 01.07.2020 से व्यवसाय करने की आसानी हेतु एमएसएमई के लिए "उद्यम पंजीकरण";
- एमएसएमई आत्मनिर्भर भारत कोष के माध्यम से 50,000 करोड़ रु. का इक्विटी संचार।
- एमएसएमई की समस्या के समाधान और पथ-प्रदर्शन सहित ई-गवर्नेंस के कई पहलुओं को सम्मिलित करने के लिए माह जून, 2020 में एक ऑनलाइन पोर्टल “चैंपियंस” का शुभारंभ।
- दिनांक 2 जुलाई, 2021 से खुदरा एवं थोक विक्रेताओं का एमएसएमई के रूप में समावेश।
- एमएसएमई की स्थिति में ऊपर की ओर बदलाव की स्थिति में 3 वर्षों के लिए कर रहित लाभ का विस्तार।
- प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) को औपचारिक दायरे में लाने के लिए दिनांक 11.01.2023 को उद्यम सहायता मंच (यूएपी) का शुभारंभ।

(घ) और (ङ) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय एमएसएमई, उद्योग संघों, सदस्य ऋण संस्थानों और अन्य हितधारकों आदि के साथ संपर्क करता है। औपचारिक ऋण, रोजगार सृजन, सरकार को सीधी बिक्री, गुणवत्तापूर्ण विनिर्माण, सूक्ष्म-ऋण तक पहुंच, उनके समक्ष उत्पन्न जागरूकता की कमी जैसी कठिनाइयों को दूर करने के लिए, भारत सरकार ने देश भर में कई उपाय किए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रधानमंत्री मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी स्कीम (सीजीटीएमएसई), एमएसएमई कार्य-निष्पादन का उत्थान और गतिवर्धन (रैम्प) स्कीम, आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) निधि स्कीम, खरीद और विपणन सहायता स्कीम, एमएसएमई को सहायता प्रदान करने के लिए एमएसएमई चैंपियन स्कीम आदि भी शामिल हैं। विगत दो वित्तीय वर्षों (2022-24) के दौरान कम लागत के साथ 2.00 लाख करोड़ रु. के अतिरिक्त ऋण को प्रदान करने के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों (सीजीटीएमएसई) के लिए ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट के कोष में 9,000 करोड़ रु. का निवेश किया गया है। विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत एमएसएमई मंत्रालय एमएसएमई-विकास कार्यालय (एमएसएमई-डीएफओ), सदस्य ऋण संस्थानों आदि के सहयोग से एमएसई और उद्योग संघों के लिए कार्यशालाओं/परस्पर संवाद सत्रों का आयोजन करता है। इसके अलावा, सीजीटीएमएसई आरबीआई द्वारा आयोजित नेशनल मिशन फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफ बैंकर्स (एनएएमसीएबी) में कार्यक्रमों के दौरान स्कीम की जानकारी का प्रसार करके सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी स्कीम के बारे में जागरूकता भी सृजित कर रहा है।

******

**अनुबंध -क**

| शुरुआत के बाद से दिनांक 05/02/2024 तक उदयम और यूएपी के अंतर्गत राज्य वार पंजीकृत और पंजीकृत कुल एमएसएमई एवं रोजगार | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य का नाम | कुल एमएसएमई | रोजगार | | |
| | | | उद्यम | यूएपी | कुल |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 13,148 | 230,001 | 2,018 | 232,019 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,521,165 | 6,649,255 | 984,995 | 7,634,250 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 17,984 | 109,106 | 8,841 | 117,947 |
| 4 | असम | 542,234 | 2,981,728 | 157,987 | 3,139,715 |
| 5 | बिहार | 2,050,401 | 6,177,384 | 1,235,532 | 7,412,916 |
| 6 | चंडीगढ़ | 43,378 | 292,594 | 8,223 | 300,817 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 589,216 | 1,815,372 | 295,427 | 2,110,799 |
| 8 | दिल्ली | 702,170 | 5,440,866 | 188,961 | 5,629,827 |
| 9 | गोवा | 61,350 | 274,832 | 20,195 | 295,027 |
| 10 | गुजरात | 2,187,157 | 9,469,914 | 606,375 | 10,076,289 |
| 11 | हरियाणा | 954,164 | 4,954,838 | 240,370 | 5,195,208 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 154,726 | 808,865 | 18,518 | 827,383 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 410,878 | 1,843,705 | 35,123 | 1,878,828 |
| 14 | झारखंड | 780,615 | 2,673,398 | 451,925 | 3,125,323 |
| 15 | कर्नाटक | 2,064,624 | 11,839,003 | 850,325 | 12,689,328 |
| 16 | केरल | 877,208 | 2,991,963 | 412,148 | 3,404,111 |
| 17 | लद्दाख | 10,821 | 40,077 | 1,110 | 41,187 |
| 18 | लक्षद्वीप | 916 | 3,110 | 714 | 3,824 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2,364,016 | 5,813,539 | 1,373,957 | 7,187,496 |
| 20 | महाराष्ट्र | 5,098,206 | 18,094,453 | 1,286,896 | 19,381,349 |
| 21 | मणिपुर | 85,536 | 447,863 | 34,089 | 481,952 |
| 22 | मेघालय | 22,921 | 91,227 | 6,179 | 97,406 |
| 23 | मिजोरम | 27,376 | 142,908 | 8,911 | 151,819 |
| 24 | नागालैंड | 34,996 | 130,171 | 17,316 | 147,487 |
| 25 | ओडिशा | 1,014,047 | 4,076,471 | 582,023 | 4,658,494 |
| 26 | पुदुचेरी | 53,243 | 218,957 | 24,345 | 243,302 |
| 27 | पंजाब | 1,018,589 | 4,227,433 | 206,479 | 4,433,912 |
| 28 | राजस्थान | 2,069,051 | 9,188,408 | 495,452 | 9,683,860 |
| 29 | सिक्किम | 11,315 | 46,312 | 2,474 | 48,786 |
| 30 | तमिलनाडु | 3,025,341 | 17,104,539 | 995,891 | 18,100,430 |
| 31 | तेलंगाना | 1,318,042 | 9,288,602 | 662,669 | 9,951,271 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 19,744 | 192,273 | 3,066 | 195,339 |
| 33 | त्रिपुरा | 177,680 | 468,114 | 147,449 | 615,563 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 3,913,235 | 14,212,592 | 1,958,956 | 16,171,548 |
| 35 | उत्तराखंड | 299,072 | 1,379,077 | 96,368 | 1,475,445 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2,947,891 | 8,806,631 | 2,763,838 | 11,570,469 |
| कुल :- | | 36,482,456 | 152,525,581 | 16,185,145 | 168,710,726 |

| हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल राज्य के लिए उद्यम और यूएपी की शुरुआत के बाद से दिनांक 05/02/2024 तक जिले वार कुल रोजगार | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य का नाम | जिले का नाम | उद्यम | यूएपी | कुल |
| 1 | हरियाणा | अंबाला | 236,254 | 14,785 | 251,039 |
| 2 | हरियाणा | भिवानी | 132,073 | 11,363 | 143,436 |
| 3 | हरियाणा | चरखी दादरी | 26,315 | 761 | 27,076 |
| 4 | हरियाणा | फरीदाबाद | 672,786 | 15,336 | 688,122 |
| 5 | हरियाणा | फ़तेहाबाद | 94,790 | 8,224 | 103,014 |
| 6 | हरियाणा | गुरूग्राम | 1,108,937 | 17,401 | 1,126,338 |
| 7 | हरियाणा | हिसार | 210,505 | 16,837 | 227,342 |
| 8 | हरियाणा | झज्जर | 187,988 | 7,404 | 195,392 |
| 9 | हरियाणा | जींद | 117,057 | 11,564 | 128,621 |
| 10 | हरियाणा | कैथल | 128,556 | 8,398 | 136,954 |
| 11 | हरियाणा | करनाल | 234,077 | 20,295 | 254,372 |
| 12 | हरियाणा | कुरूक्षेत्र | 125,628 | 10,582 | 136,210 |
| 13 | हरियाणा | महेंद्रगढ़ | 100,214 | 7,516 | 107,730 |
| 14 | हरियाणा | नूह | 86,899 | 1,298 | 88,197 |
| 15 | हरियाणा | पलवल | 166,665 | 9,197 | 175,862 |
| 16 | हरियाणा | पंचकुला | 117,992 | 4,599 | 122,591 |
| 17 | हरियाणा | पानीपत | 329,013 | 19,001 | 348,014 |
| 18 | हरियाणा | रेवाड़ी | 143,707 | 9,107 | 152,814 |
| 19 | हरियाणा | रोहतक | 144,359 | 9,720 | 154,079 |
| 20 | हरियाणा | सिरसा | 135,654 | 9,525 | 145,179 |
| **21** | हरियाणा | सोनीपत | **272,138** | **15,968** | **288,106** |
| 22 | हरियाणा | यमुनानगर | 183,231 | 11,489 | 194,720 |
| 23 | झारखंड | बोकारो | 169,357 | 25,917 | 195,274 |
| 24 | झारखंड | चतरा | 295,128 | 11,135 | 306,263 |
| 25 | झारखंड | देवघर | 68,430 | 22,105 | 90,535 |
| 26 | झारखंड | धनबाद | 214,438 | 47,180 | 261,618 |
| 27 | झारखंड | दुमका | 74,639 | 12,498 | 87,137 |
| 28 | झारखंड | पूर्वी सिंहभूम | 308,684 | 41,281 | 349,965 |
| 29 | झारखंड | गढ़वा | 115,082 | 12,945 | 128,027 |
| 30 | झारखंड | गिरिडीह | 106,742 | 37,878 | 144,620 |
| 31 | झारखंड | गोड्डा | 66,066 | 15,601 | 81,667 |
| 32 | झारखंड | गुमला | 25,616 | 6,920 | 32,536 |
| 33 | झारखंड | हज़ारीबाग | 138,712 | 25,131 | 163,843 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 34 | झारखंड | जामतारा | 21,304 | 4,957 | 26,261 |
| 35 | झारखंड | खूंटी | 14,188 | 3,122 | 17,310 |
| 36 | झारखंड | कोडरमा | 53,714 | 15,793 | 69,507 |
| 37 | झारखंड | लातेहार | 24,509 | 4,946 | 29,455 |
| 38 | झारखंड | लोहरदगा | 34,304 | 3,787 | 38,091 |
| 39 | झारखंड | पाकुर | 64,536 | 18,570 | 83,106 |
| 40 | झारखंड | पलामू | 136,757 | 23,074 | 159,831 |
| 41 | झारखंड | रामगढ़ | 77,909 | 18,731 | 96,640 |
| 42 | झारखंड | रांची | 459,801 | 50,005 | 509,806 |
| 43 | झारखंड | साहेबगंज | 42,169 | 19,097 | 61,266 |
| 44 | झारखंड | सरायकेला- खरसवान | 95,535 | 17,082 | 112,617 |
| 45 | झारखंड | सिमडेगा | 14,448 | 2,737 | 17,185 |
| 46 | झारखंड | पश्चिम सिंहभूम | 51,331 | 11,433 | 62,764 |
| 47 | महाराष्ट्र | अहमदनगर | 563,403 | 30,291 | 593,694 |
| 48 | महाराष्ट्र | अकोला | 146,396 | 17,317 | 163,713 |
| 49 | महाराष्ट्र | अमरावती | 203,158 | 29,873 | 233,031 |
| 50 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | 683,284 | 45,841 | 729,125 |
| 51 | महाराष्ट्र | बीड | 206,452 | 13,256 | 219,708 |
| 52 | महाराष्ट्र | भंडारा | 105,403 | 14,952 | 120,355 |
| 53 | महाराष्ट्र | बुलढाना | 189,101 | 18,451 | 207,552 |
| 54 | महाराष्ट्र | चंद्रपुर | 166,757 | 34,807 | 201,564 |
| 55 | महाराष्ट्र | धुले | 130,963 | 15,528 | 146,491 |
| 56 | महाराष्ट्र | गढ़चिरोली | 60,319 | 6,264 | 66,583 |
| 57 | महाराष्ट्र | गोंदिया | 121,542 | 13,833 | 135,375 |
| 58 | महाराष्ट्र | हिंगोली | 68,056 | 11,027 | 79,083 |
| 59 | महाराष्ट्र | जलगांव | 325,387 | 47,869 | 373,256 |
| 60 | महाराष्ट्र | जलना | 217,297 | 13,088 | 230,385 |
| 61 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | 685,939 | 40,263 | 726,202 |
| 62 | महाराष्ट्र | लातूर | 231,376 | 20,687 | 252,063 |
| 63 | महाराष्ट्र | मुंबई | 1,865,686 | 89,789 | 1,955,475 |
| 64 | महाराष्ट्र | मुंबई उपनगर | 1,761,055 | 65,971 | 1,827,026 |
| 65 | महाराष्ट्र | नागपुर | 770,371 | 136,197 | 906,568 |
| 66 | महाराष्ट्र | नांदेड़ | 251,838 | 32,374 | 284,212 |
| 67 | महाराष्ट्र | नंदुरबार | 99,493 | 4,570 | 104,063 |
| 68 | महाराष्ट्र | नासिक | 789,358 | 56,108 | 845,466 |
| 69 | महाराष्ट्र | उस्मानाबाद | 152,269 | 10,552 | 162,821 |
| 70 | महाराष्ट्र | पालघर | 625,394 | 18,339 | 643,733 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 71 | महाराष्ट्र | परभनी | 110,723 | 15,951 | 126,674 |
| 72 | महाराष्ट्र | पुणे | 3,009,848 | 117,034 | 3,126,882 |
| 73 | महाराष्ट्र | रायगढ़ | 572,919 | 37,576 | 610,495 |
| 74 | महाराष्ट्र | रत्नागिरि | 212,535 | 12,055 | 224,590 |
| 75 | महाराष्ट्र | सांगली | 342,929 | 28,579 | 371,508 |
| 76 | महाराष्ट्र | सतारा | 388,271 | 22,979 | 411,250 |
| 77 | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग | 111,382 | 7,311 | 118,693 |
| 78 | महाराष्ट्र | सोलापुर | 494,063 | 53,620 | 547,683 |
| 79 | महाराष्ट्र | ठाणे | 2,085,113 | 139,830 | 2,224,943 |
| 80 | महाराष्ट्र | वर्धा | 122,580 | 24,282 | 146,862 |
| 81 | महाराष्ट्र | वाशिम | 62,696 | 10,213 | 72,909 |
| 82 | महाराष्ट्र | यवतमाल | 161,105 | 30,219 | 191,324 |
| 83 | पश्चिम बंगाल | अलीपुरद्वार | 71,207 | 50,551 | 121,758 |
| 84 | पश्चिम बंगाल | बांकुड़ा | 99,743 | 38,077 | 137,820 |
| 85 | पश्चिम बंगाल | बीरभूम | 189,549 | 123,098 | 312,647 |
| 86 | पश्चिम बंगाल | कूचबिहार | 593,935 | 102,767 | 696,702 |
| 87 | पश्चिम बंगाल | दक्षिण दिनाजपुर | 264,957 | 28,467 | 293,424 |
| 88 | पश्चिम बंगाल | दार्जिलिंग | 210,752 | 60,274 | 271,026 |
| 89 | पश्चिम बंगाल | पूर्वी मेदिनीपुर | 402,690 | 90,103 | 492,793 |
| 90 | पश्चिम बंगाल | हुगली | 298,663 | 192,240 | 490,903 |
| 91 | पश्चिम बंगाल | हावड़ा | 403,862 | 283,668 | 687,530 |
| 92 | पश्चिम बंगाल | जलपाईगुड़ी | 215,414 | 88,401 | 303,815 |
| 93 | पश्चिम बंगाल | झारग्राम | 28,489 | 5,548 | 34,037 |
| 94 | पश्चिम बंगाल | कलिम्पोंग | 10,436 | 1,749 | 12,185 |
| 95 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 1,339,633 | 154,317 | 1,493,950 |
| 96 | पश्चिम बंगाल | मालदा | 611,321 | 75,503 | 686,824 |
| 97 | पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | 626,260 | 238,375 | 864,635 |
| 98 | पश्चिम बंगाल | नादिया | 349,947 | 199,540 | 549,487 |
| 99 | पश्चिम बंगाल | उत्तर 24 परगना | 1,007,744 | 370,112 | 1,377,856 |
| 100 | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बर्धमान | 218,087 | 77,990 | 296,077 |
| 101 | पश्चिम बंगाल | पूर्ब बर्धमान | 283,260 | 116,633 | 399,893 |
| 102 | पश्चिम बंगाल | पुरुलिया | 91,433 | 21,951 | 113,384 |
| 103 | पश्चिम बंगाल | दक्षिण 24 परगना | 635,437 | 308,159 | 943,596 |
| 104 | पश्चिम बंगाल | उत्तर दिनाजपुर | 305,013 | 63,328 | 368,341 |
| 105 | पश्चिम बंगाल | पश्चिम मेदिनीपुर | 548,799 | 72,987 | 621,786 |
| कुल :- | | | **34,529,329** | **4,743,029** | **39,272,358** |